ज्युपीटाईस का आरएसएलएसए से एमओयू

जयपुर | आईटी कंपनी ज्युपीटाईस टेक्नोलॉजीज ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (आरएसएलएसए) की साझेदारी मे डिजिटल लोक अदालत डिजायन की है। इससे विवादों को डिजिटल प्रणाली से निपटाने के साथ वेब, मोबाइल और सीएससी के जरिए दूर-दराज के इलाकों तक न्याय व अन्य सेवाओं को किफायती बनाया जा सकेगा। कंपनी के सीईओ रमन अग्रवाल ने कहा कि कंपनी विभिन्न अर्ध-न्यायिक संस्थानों और एडीआर सेंटरों के साथ काम कर रही है। इस कड़ी में जयपुर में देश की पहली डिजिटल लोक अदालत शुरू की गई है। इसका शुभारंभ आरएसएलएसए के चेयरमैन उदय उमेश ललित ने किया। इस मौके मुख्य न्यायाधीश माननीय एन वी रमना, कानून मंत्री रिजीजू और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली की मौजूदा समस्याओं को हल करने के लिए गहन अनुसंधान के बाद डिजिटल लोक अदालत की अवधारणा डिजायन और विकसित की गई है। इसके लिए आरएसएलएसए और ज्युपीटाईस ने एमओयू किया है। ज्युपीटाईस ने टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में आरएसएलएसए को कस्टमाइज्ड डिजिटल लोक अदालत प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रही है। इसके माध्यम से पुराने लंबित मामलों का निपटान किया जा सकेगा। इसके अलावा एआई-पावर्ड वॉइस बेस्ड इंटरेक्टिव चैटबोट भी उपलब्ध कराया जाएगा। जहां आधुनिक डेटा एनालिटिक्स टूल्स लोक दालत की सुगम कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।